केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

सीबीएसई/सीई/2022/ दिनांक: 08.08.2022

परिपत्र

सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के
प्रधानाचार्य

विषय: कक्षा–X में गणित बेसिक (241) लेने वाले छात्रों के लिए कक्षा- XI में गणित (041) लेने की अनुमति के संबंध में

महोदया/महोदय,

आप अवगत है कि सत्र 2022 भी कोविड द्वारा गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है और इस सत्र में पहले ही देरी हो चुकी है, अब इस सत्र की शेष गतिविधियों को समय पर पूर्ण करना अपेक्षित है।

पहले के परिपत्र के अनुसार, कक्षा- X के छात्र जिन्होने गणित स्टैंडर्ड (041) पढ़ा है, कक्षा-XI में गणित (041) ले सकते है। कक्षा- X में गणित बेसिक (241) लेने वाले विद्यार्थियों के मामले में, उनको कक्षा XI में केवल अनुप्रयुक्त गणित (applied Mathematics) लेने अनुमति है। महामारी के कारण उत्पन्न हुई परिस्थितियों की वजह से सीबीएसई द्वारा गत दो वर्षो में इस नियम में छूट दी गई थी और इस प्रकार छात्र जिन्होने गणित बेसिक (241) लिया, उनको कक्षा XI में गणित (041) लेने की भी अनुमति थी।

चूंकि मौजूदा सत्र भी कोविड द्वारा गंभीर रुप से प्रभावित हुआ है, अत: इस छूट/रियायत को एक वर्ष अर्थात 2022-23 के लिए आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

ऐसे छात्रों को कक्षा-XI में गणित (041) लेने की अनुमति देने से पहले, संस्थान के प्रमुखों को इस बात से स्वयं आश्वस्त होना चाहिए कि ये छात्र कक्षा-XI में गणित (041) को पढ़ने की अभिवृति और क्षमता रखते हैं।

यह छूट/रियायत कक्षा-XI के वर्तमान बैच अर्थात 2022 -23 की छात्रों को सुविधा देने के लिए विशेष उपाय के रूप में दी जा रही है।

हस्ता/-

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति: वेब प्रशासन को सीबीएसई वैबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in